testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹999 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

# Today's Important Current Affairs 9th February 2018 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 9th February 2018 in Hindi. Now stay updated with important news and current affairs for SSC, IBPS and more banking & online government exams, in Hindi too! Also, download the PDF now!

## Important Current Affairs 9th February 2018 in Hindi

- दक्षिण मध्य रेलवे में 100% LED प्रकाश व्यवस्था
    - दक्षिण मध्य रेलवे (SCR), अपने अधिकार क्षेत्र में सभी स्टेशनों पर 100% LED प्रकाश की व्यवस्था करने वाला देश का पहला रेलवे क्षेत्र बन गया है|
    - SCR ,ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाने में सबसे आगे रहा है|
    - यह अपने अधिकार क्षेत्र में सभी 733 स्टेशनों में 100% LED प्रकाश की व्यवस्था को पूरा करने वाला भारतीय रेलवे का पहला क्षेत्र बन गया है|
- GIPI में भारत की 44 वां स्थान
    - "US चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स रिपोर्ट" के अनुसार, भारत ने "इंटरनेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी (IP)" सूचकांक में अपने स्कोर में काफी सुधार किया है और 50 देशों में 44 रैंक हासिल की है|
    - पिछले वर्ष, इस सूचकांक में 45 देशों में भारत का स्थान 43 था|
    - इस सूची में टॉप तीन देश- अमेरिका, ब्रिटेन, स्वीडन हैं|
- "खेलो इंडिया स्कूल" खेलों का समापन
    - पहले "खेलो इंडिया स्कूल" खेलों का समापन नई दिल्ली में हुआ| कुल पदक संख्या में खेलों के पॉवर हाउस, हरियाणा ने सर्वाधिक पदक जीते|
    - इस राज्य ने 38 स्वर्ण और 26 रजत सहित कुल 102 पदक जीते|


CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS ₹399 FOR 4 MONTHS BUY NOW testbook

- महाराष्ट्र 110 पदकों (इनमें से 36 स्वर्ण हैं) के साथ दूसरे स्थान पर जबकि दिल्ली 94 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा|
- खेल मंत्री, कर्नल राज्यवर्धन राठौर ने विजेता राज्य हरियाणा को चमकती हुई ट्राफी से सम्मानित किया|

- अधिकतर क्रिप्टोकरेंसी पॉन्ज़ी योजनायें हैं: विश्व बैंक
  - विश्व बैंक के राष्टपति "जिम योंग किम" ने कहा कि अधिकतर क्रिप्टोकरेंसी "असल में पॉन्ज़ी योजनायें" हैं|
  - उन्होंने यह भी कहा कि, "यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यह कैसे काम करेगा"|
  - हालांकि, उन्होंने कहा कि ब्लॉक्चैन टेक्नोलॉजी का उपयोग विकासशील देशों द्वारा "पैसे का अधिक प्रभावी ढंग से पालन" करने के लिए किया जा सकता है और विश्व बैंक इस प्रौद्योगिकी को "ध्यानपूर्वक देख रहा" है|
- व्हाट्सएप्प ने भारत में लांच की भुगतान सुविधा
  - फेसबुक के स्वामित्व वाली मैसेजिंग सेवा "व्हाट्सएप" ने भारत में एंड्रॉइड और iOS दोनों ऑपरेटिंग सिस्टम पर अपनी भुगतान सुविधा प्रारंभ कर दी है|
  - यह सुविधा उपयोगकर्ताओं को "यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (UPI)" के माध्यम से तुरंत धन हस्तांतरित करने की सुविधा देगी|
  - इससे पहले रिपोर्ट में कहा गया था कि व्हाट्सएप्प, अपने UPI-आधारित भुगतान मंच को एकीकृत करने के लिए HDFC और ICICI जैसे बैंक के साथ काम कर रहा था|
- गोवा, राज्य में लांच करेगा बाइक एम्बुलेंस
  - गोवा के मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर, राज्य के पर्यटन क्षेत्र में घायल लोगों की मदद के लिए 20 बाइक एम्बुलेंस लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं|
  - एम्बुलेंस में जीवन बाचने वाले मूल उपकरण और दो ऑक्सीजन सिलेंडर होंगे और ये एम्बुलेंस वहां सेवा देंगी जहाँ चार पहियों वाली एम्बुलेंस नहीं पहुँच सकती|
  - अगले छह महीनों में कुल 100 बाइक एम्बुलेंस शुरू होंगी|
- अमेरिका ने किया 3 उग्रवादियों को वैश्विक आतंकवादी घोषित
  - "US डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेजरी" ने लश्कर-ए-तैयबा (LeT) और तालिबान सहित कथित तौर पर पाकिस्तान-आधारित आतंकवादी नेटवर्क से जुड़े तीन व्यक्तियों को विशेष रूप से वैश्विक आतंकवादी घोषित किया है|
  - इस कदम का उद्देश्य दक्षिण एशियाई आतंकवादी समर्थन नेटवर्क को बाधित करना है|



testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS ₹149 FOR 1 MONTH BUY NOW testbook

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS ₹999 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

- इन तीन नामों में रहमान जैब फ़कीर मुहम्मद, हिज्ब उल्लाह अस्थम खान और दिलावर खान नादिर खान शामिल हैं|

- अधिकतर क्रिप्टोकरेंसी शून्य होने वाली हैं: गोल्डमैन
  - गोल्डमैन सेक्स के निवेश अनुसंधान प्रमुख "स्टीव स्ट्रोंगिन" ने कहा कि अधिकतर क्रिप्टोकरेंसी का मूल्य शून्य होने वाला है क्योंकि भविष्य में आने वाले प्रतिद्वंद्वी उनका स्थान ले लेंगें|
  - इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी की कोई "इंट्रीसिक वैल्यू" नहीं होती है जिससे अधिकतर क्रिप्टोकरेंसी में अब कभी वृद्धि नहीं होगी|
  - स्टीव ने कहा, यह चिंताजनक है कि सभी क्रिप्टोकरेंसी एकल परिसंपत्ति वर्ग के रूप में एक साथ चलती हैं|
- गर्बर का "स्पोक्सबेबी ऑफ़ द इयर"
  - बेबी उत्पाद कंपनी गर्बर ने 90 वर्षों में पहली बार, 'डाउन सिंड्रोम' से पीड़ित एक वर्षीय बच्चे को अपने "स्पोक्सबेबी ऑफ़ द इयर" के रूप में चुना|
  - लुकास वारेन, जोकि अमेरिका के जॉर्जिया से हैं, उनका चयन लगभग 1.4 लाख ऑनलाइन प्रविष्टियों में से किया गया है|
  - गर्बर के CEO बिल पार्टीका ने कहा, "लुकास की मुस्कान और खुशहाल अभिव्यक्ति ने गर्बर टीम के दिलों पर कब्जा कर लिया है|"
- "सर्च बायस" के लिए गूगल पर 136 करोड़ रूपये का जुर्माना
  - "द कम्पटीशन कमीशन ऑफ़ इंडिया (CCI)" ने नवीनतम नियामक में दुनिया के सबसे लोकप्रिय इंटरनेट सर्च इंजन को झटका देते हुए, गूगल पर "सर्च बायस" के लिए 135.86 करोड़ रूपये का जुर्माना लगाया है|
  - CCI ने कहा कि गूगल ऑनलाइन वेब खोज और ऑनलाइन खोज विज्ञापन बाज़ारों में अपने प्रभुत्व का दुरुपयोग कर रहा है|
  - इसके अतिरिक्त, यह जुर्माना 60 दिनों के भीतर जमा किया जाना है|
- अमेरिकी नेता ने दिया 8 घंटे लंबा रिकॉर्ड भाषण
  - अमेरिकी नेता "नैन्सी पेलोसी" ने "ड्रीमरर्स" जोकि ऐसे प्रवासी हैं जिन्हें बच्चों के रूप में अमेरिका में गैरकानूनी तौर पर लाया गया था, उन्हें सुरक्षा देने के लिए, एक अप्रवास विधेयक के लिए मत मांगते हुए आठ घंटे लंबा भाषण दिया|
  - यह भाषण, अमेरिका की प्रतिनिधि सभा में दिया गया सबसे लंबा भाषण है|



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play




- पेलोसी ने चार इंच की हील पहन कर, बिना किसी ब्रेक और केवल पानी के सहारे भाषण दिया|

- "PM रिसर्च फेलो" योजना के लिए 1,650 करोड़ रूपये आवंटित
    - केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2018-2019 से शुरू होने वाली "PM रिसर्च फेलो" योजना हेतू सात वर्षों की अवधि के लिए 1,650 करोड़ रुपये की लागत को मंजूरी दे दी है|
    - इस योजना के तहत, IIT और IISc में PhD करने वाले छात्रों को पांच साल के लिए 70,000-80,000 रुपये प्रति माह की फेलोशिप की पेशकश की जाएगी।
    - फेलोशिप के लिए कुल 3,000 छात्रों का चयन किया जाएगा|
- गेमर्स के लिए क्रिप्टोकरेंसी
    - हैदराबाद के एक उद्यमी प्रशांत सुराना, ऑनलाइन गेमिंग के प्रति उत्साही लोगों के लिए अपनी निजी क्रिप्टोक्रुर्जेन्सी पेश करने की योजना बना रहे हैं|
    - यह वर्चुअल करेंसी, अप्रैल में 'इनिशियल कॉइन ओफ्फ्रिंग' के माध्यम से जारी की जाएगी|
    - "यूनिवर्सल गेमिंग कॉइन" कहलाने वाले इन सिक्कों को ईथीरियम और बिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी से खरीदा जा सकता है|
    - गेमर्स इन सिक्कों का प्रयोग पोकर, ब्लैकजैक और रम्मी जैसे खेलों को खेलने के लिए कर सकते हैं|
- हरियाणा, योजना को देगा कप्तान कुंडू का नाम
    - 22 वर्षीय, कप्तान कपिल कुंडू के मूल गाँव रंसिका में उनके अंतिम संस्कार के दो दिन बाद, उनके नाम पर सरकारी स्कूल का नाम रखा जाएगा|
    - उनके नाम पर क्षेत्र की ओर जाने वाली सड़क और पास में स्थित खोद गांव के बस स्टॉप का नाम भी रखा जाएगा|
    - कुंडू रविवार को, सीमा के पार पाकिस्तानी बमबारी के परिणामस्वरूप जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में शहीद हो गये थे|
- भारत ने की मालदीव के साथ बैठक ख़ारिज
    - भारत ने मालदीव के विदेश मंत्री मोहम्मद आसिम के साथ एक बैठक को खारिज कर दिया है|
    - मालदीव में स्थित बिगड़ने के बाद, राष्ट्रपति यमीन के तहत मालदीव सरकार ने "मित्र राष्ट्र" को दूत भेजने का निर्णय लिया है|
    - भारत के अलावा, अमेरिका और यूरोपीय संघ ने भी मालदीव की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है|
- उत्तर प्रदेश सरकार जारी करे ताज सुरक्षा योजना: SC





testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹999 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

   - सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को ताजमहल की सुरक्षा और संरक्षण के लिए दस्तावेज़ को कोर्ट के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है|
   - TTZ क्षेत्र राजस्थान और यू.पी. में आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, हाथरस और एटा जिलों में फैला लगभग 10,400 वर्ग किमी का क्षेत्र है|
   - न्यायमूर्ति मदन बी. लोकूर और दीपक गुप्ता की पीठ ने पूछा कि 'ताज ट्रैपीजियम जोन' में "अचानक इनती गतिविधियां" कैसे बढ़ गयी हैं|
- पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री को 5 वर्ष की सजा
   - बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी की नेता और पूर्व प्रधानमंत्री, खालिदा जिया को पांच साल की जेल की सजा दी गयी है|
   - ढाका में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया था|
   - उनके उपर 'ज़िया ऑरफानेज ट्रस्ट' द्वारा प्राप्त हुए 21 मिलियन रूपये के विदेशी दान का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था|
- RBI, NBFC के लिए नियुक्त करेगा लोकपाल
   - भारतीय रिजर्व बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों में ग्राहक की शिकायतों को संबोधित करने के लिए लोकपाल की स्थापना करने की घोषणा की है|
   - नियमों को फरवरी 2018 के अंत तक जारी किया जाएगा| भारतीय रिजर्व बैंक, जमा लेने वाले NBFC से शुरू करेगा और 100 करोड़ रुपये की राशि वाले NBFC को इसमें शामिल करके इसके दायरे को बढ़ाएगा|
   - लगभग 20 बैंकिंग लोकपालों को नियुक्त किया जा चूका है, जिनमें से अधिकतर का कार्यालय राज्य की राजधानियों में है|
- HAL ने निर्मित किया पहला हॉक-I विमान
   - हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने स्वदेशी रियल टाइम ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ मिलकर हॉक-I का पहला विमान निर्मित किया है|
   - हॉक-I भारत में पहला पूर्ण रूप से स्वदेशी RTOS है जिसे 'सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवरदीनेस एंड सर्टिफिकेशन' द्वारा प्रमाणित किया गया है|


CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS ₹399 FOR 4 MONTHS BUY NOW testbook

- RTOS एक सुरक्षित और विश्वसनीय तरीके से "रियल टाइम एप्लीकेशन एक्जीक्यूशन" के लिए एक मानक रन-टाइम वातावरण प्रदान करता है|

- 'फ्रेज़ियर' के जॉन मैहोनी का 77 वर्ष की आयु में देहांत
  - दिग्गज चरित्र अभिनेता जॉन मैहोनी, जिन्होनें "फ्रेज़ियर" नामक एक टीवी शो में मुख्य चरित्र के कुत्ते-प्रेमी पिता की भूमिका निभाई थी, उनका निधन हो गया| वह 77 वर्ष के थे|
  - "ऑनलाइन ब्रॉडवे डेटाबेस प्लेबिल" पर मैहोनी की जीवनी के अनुसार उनका जन्म ब्लैकपूल, इंग्लैंड में हुआ था|
  - वह कॉलेज प्रोफ़ेसर और चिकित्सक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं|

## Attempt Daily Current Affairs Quiz



testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS ₹149 FOR 1 MONTH BUY NOW testbook